FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

सराहनीय कार्य दिनाँक 09-01-2025 थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

- **थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा 04 शातिर लुटेरे अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड के दौरान किया गया गिरफ्तार।**
- **थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा 06 घण्टे के अन्दर लूट की घटना का किया सफल अनावरण।**
- **सिरसागंज पुलिस टीम की कार्यवाही में अभियुक्तगण सुमन, अखिलेश पैर में गोली लगने से हुए घायल।**

- **अभियुक्तगण के कब्जे से 01 लूटी गयी वैगनार कार, 01 लूटा हुआ मोबाइल, 03 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 01 अवैध तमंचा 12 बोर, 03 खोखा कारतूस 315 बोर व 01 खोखा कारतूस 12 बोर, 03 जिंदा कारतूस 315 बोर व 01 जिंदा कारतूस 12 बोर किये गये बरामद।**

थाना सिरसागंज क्षेत्रान्तर्गत दिनाँक 08-01-2025 को वादी द्वारा वादी की वैगनार कार व आवश्यक दस्तावेज तथा मोबाइल की लूट के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी थी जिसके आधार पर मु0अ0सं0 11/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में मु0अ0सं0 11/25 धारा 303(2) बीएनएस के सफल अनावरण एवं वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में दिनांक 08/09-01-2025 की रात्रि में को थाना सिरसागंज पुलिस टीम को चैकिंग के दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि मु0अ0सं0 11/25 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण भदान रेलवे ओवरब्रिज की तरफ आ रहे है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा भदान रेलवे ओवरब्रिज पर चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान सामने से आती हुई एक सफेद रंग की वैगनार कार को पुलिस टीम द्वारा रोका

गया तो कार सवार व्यक्तियों ने भागने का प्रयास करते हुए जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवाबी फायरिंग में 02 व्यक्तियों के पैर में गोली लगने से घायल अवस्था में तथा अन्य 02 व्यक्तियों सहित कुल 04 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगण की पहचान मु0अ0स0 11/25 के अभियुक्तों के रुप में हुई है। अभियुक्तगण के कब्जे से एक अदद लूटी हुई सफेद वैगनआर कार, एक अदद लूटा हुआ मोबाइल, 03 अदद तमंचे 315 बोर मय 03 जिंदा कारतूस 315 बोर व 03 खोखा कारतूस 315 बोर तथा 01 अदद तमंचा 12 बोर मय 01 जिंदा कारतूस 12 बोर व 01 खोखा कारतूस 12 बोर ,एक अदद एटीएम कार्ड, एक अदद पेन कार्ड, एक अदद आधार कार्ड, एक अदद डीएल व 2350/- रुपये नकद बरामद किये गये है। घायल अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरणः- दिनाँक 08-01-2025 को वादी नरेन्द्र शर्मा निवासी त्रिलोकपुरी कल्याणपुरी पूर्वी दिल्ली से लूट के सम्बंध में थाना सिरसागंज पर मु0अ0सं0 11/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत कराया गया था। उक्त लूट के प्रकरण के खुलासे के लिये वरिष्ठ अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। घटना का सफल अनावरण करते हुए सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा की गयी कार्यवाही में वांछित अभियुक्तगण को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया है।

नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः–

1. सुमन यादव पुत्र संजय यादव ग्राम टेढा थाना जयनगर जिला मधुबनी, बिहार।
2. अखिलेश साहनी पुत्र जवाहर साहनी निवासी खेरा टोल मडिया थाना वासुपट्टी जिला मधुबनी, बिहार
3. गोपाल यादव पुत्र प्रदीप यादव निवासी ग्राम टेढा थाना जयनगर जिला मधुबनी, बिहार।
4. प्रवीन यादव पुत्र देवेन्द्र यादव निवासी ग्राम मडिया थाना वासुपट्टी जिला मधुबनी, बिहार।

बरामदगी का विवरणः-

1. एक अदद लूटी हुई सफेद वैगनआर कार
2. एक अदद लूटा हुआ मोबाइल
3. 03 अदद तमंचे 315 बोर मय 03 जिंदा कारतूस 315 बोर व 03 खोखा कारतूस 315 बोर तथा 01 अदद तमंचा 12 बोर मय 01 जिंदा कारतूस 12 बोर व 01 खोखा कारतूस 12 बोर
4. एक अदद एटीएम कार्ड, एक अदद पेन कार्ड, एक अदद आधार कार्ड, एक अदद डीएल
5. 2350/- रुपये नकद

गिरफ्तार/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम–

1. थानाध्यक्ष सिरसागंज श्री वैभव कुमार सिंह
2. उ0नि0 अशोक कुमार थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 भैयालाल यादव थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 वीरेन्द्र कुमार थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 सुरेश चौधरी थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
6. का0 राहुल गुप्ता थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
7. का0 अर्जुन थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
8. का0 सचिन खोकर थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
9. का0 बलवीर सिंह थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।